तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025



10 अवैध निर्माण पर होगी कार्रवाई, गंदगी फैलाने वाले डेयरी ..





12 संस्कृत ईश्वरीय भाषा के साथ सभी भाषाओं की है जननी






## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री शर्मा 4 को लेंगे जिले की समीक्षा बैठक

**बालोद।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी विजय शर्मा 4 अगस्त को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले की समीक्षा बैठक लेंगे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर 4 अगस्त को प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक की तैयारियों की समीक्षा की। मिश्रा ने अधिकारियों को प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### गोंडवाना गोंड़ महासभा की मासिक बैठक कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद का मासिक बैठक 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे सिवनी स्थित गोण्डवाना भवन में रखी गई है, जिसमें विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम मनाने पर चर्चा एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जावेगी। छ.ग.गोंड़ गोंडवाना महासभा मीडिया प्रभारी दिलीप नागवंशी ने बताया उक्त बैठक में जिला स्तर के सभी पदाधिकारी तथा बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौंडी, डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्षों व उनके सभी पदाधिकारी, समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी को उपस्थित होने के लिए अपील जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने किया है।

### बुजुर्ग की नाले में डूबने से मौत

**डौंडीलोहारा।** ग्राम पिंगाल में शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे ग्राम के ही नंदूराम हल्बा 62 वर्ष के ग्राम के ही एक नाला में डूबने से मौत हो गई। मृतक नाला में नहाने गया हुआ था, तभी यह हादसा हो गया। टीआई मुकेश सिंह ने बताया कि मृतक को मिर्गी की बीमारी थी। संभवतः उसी के कारण वह पानी में डूब गया व यह हादसा हो गया। प्रार्थी दयाराम की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

### बाइक की ठोकर से साइकिल चालक गंभीर, अपराध दर्ज

**बालोद।** अपने काम से छुट्टी होने के बाद वापस सायकिल के माध्यम से अपने घर आ रहे एक व्यक्ति को मोटर सायकिल ने ठोकर मार दी। ठोकर लगने से सायकिल सवार बुरी तरह घायल हो गया। घटनाकी जानकारी सायकिल सवार के दोस्त ने उसके परिजनों को दी, जिसके बाद सायकिल सवार व्यक्ति का इलाज अस्पताल में परिजनों द्वारा कराया जा रहा है। वहीं पीड़ित के छोटे भाई ने मोटर सायकिल सवार व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़ित व्यक्ति के छोटे भाई ने पुलिस को बताया है कि उसका बड़ा भाई अशोक कुमार बंजारे हमाली का काम करता है। रोज की तरह अपने साथी संतोष कुमार सिन्हा के साथ सायकिल से काम करने गये थे, जो दोनों काम कर घर आने के लिये निकले थे, रात्रि में एनएच 930 मार्ग के सामने पहुंचे थे, कि पीछे से आ रही मोटर सायकिल एचएफ डिलक्स वाहन क्रमांक सीजी–24–3950 के चालक मनोहर साहू 48 वर्ष लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये अशोक कुमार बंजारे के सायकिल को पीछे से ठोकर मार दिया, इस घटना में साइकिल चालक के सिर, हाथ, पैर, चेहरे में चोट आयी है। सायकिल क्षतिग्रस्त हो गई।

### सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** वैशाली नगर पुलिस ने सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि प्रमोद कुमार साहू ने 22 जुलाई को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वो बीते मई माह में अपने गृहग्राम कमंदा थाना डोंगरगांव गया था।

# बगैर हेलमेट पहने नहीं मिलेगा पेट्रोल, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

## नियम का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ जिला प्रशासन करेगा कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती जनहानि को देखते हुए जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मिश्रा ने हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल जैसी ईंधन सामग्री नहीं देने का आदेश जारी किया है।

यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत पारित किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। कलेक्टर मिश्रा ने आदेश में कहा है कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय मार्ग और स्थानीय सड़कों पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनका एक मुख्य कारण दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का प्रयोग न करना है। इससे न केवल लोगों की जान जा रही है, बल्कि कानून-व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो रही है।





### प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त पहल

जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्थानीय निकाय, सामाजिक संस्थाएं और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, जिसमें लोगों को हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**जनहित में लिया गया निर्णयः** कलेक्टर ने कहा कि हेलमेट का प्रयोग न करने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु और गंभीर चोट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में यह आदेश जनहित और जीवन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पारित किया गया है।

**अब पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट वालों को नहीं मिलेगा ईंधनः** आदेश के मुताबिक, कोई भी पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल या अन्य ईंधन प्रदान नहीं करेगा। केवल आपातकालीन (मेडिकल इमरजेंसी) की स्थिति में यह छूट दी गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ भारतीय न्याय सहिता के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दुर्घटना

### सड़क किनारे भूसा गाड़ी के पास खड़े होकर बातचीत करने के दौरान घटी घटना

# टैंकर की ठोकर से वाहन चालक की मौत, हेल्पर घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

सड़क किनारे रखे भूसा गाड़ी के पास खड़े होकर बात कर रहे वाहन चालक व हेल्परों को एक टैंकर ने ठोकर मार दी। इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई व तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका ईलाक अस्पताल में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना ग्राम फागुनदाह के पास की बतायी जा रही है, जहां कर्मा राइस मिल के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 24 टी 3158 में सवार वाहन चालक व हेल्परों द्वारा वाहन से उतरकर सामने के राइस मिल में भूसा पता करने की बात को लेकर आपस में बातचित कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान गुरूर की ओर से आ रहे टैंकर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएल 8119 ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रक को पीछे से ठोकर मार दी। इससे ट्रक के ड्राईवर व हेल्पर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतकों का नाम ग्राम फुंडा निवासी बुधलाल ढीमर 50 वर्ष व ग्राम पेड्री निवासी शैलेन्द्र यादव 45 वर्ष बताया जा रहा है।







### स्कार्पियो की ठोकर से बाइक सवार घायल



**बालोद।** बाइक सवार को स्कार्पियों ने ठोकर मार दी, जिससे बाइक में सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना बेलोदी चिचबोड़ के मुख्य मार्ग पर घटी, जहां ग्राम चिचबोड़ निवासी दो लोग अपना काम होने के बाद वापस ग्राम जा रहे थे। इसी दौरान चिचबोड़ की ओर से आ रही एक स्कार्पियो ने बाइक सवार दोनों को ठोकर मार दी। ठोकर के लगने के बाद दोनों को गंभीर चोटे आई, जिन्हें राहगिरों द्वारा 108 की सहायता से पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के सामने का पहिया अलग हो गया और बाइक के सामने का भाग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# जिले में संचालित एवं बंद खदान क्षेत्र के चारों ओर सुरक्षा घेरा लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में संचालित एवं बंद खदानों में जानमाल की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने एवं निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने कहा है।

■ आमजनों और मवेशियों के प्रवेश पर रोक लगाने तैनात किए जाएंगे सुरक्षा कर्मी

कलेक्टर मिश्रा ने इस संबंध में सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, खनि अधिकारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एवं सभी जिला जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। कलेक्टर मिश्रा ने जारी निर्देश में जिले में संचालित एवं बंद खदान क्षेत्र के चारों ओर सुरक्षा घेरा–फेंसिंग, बाउंड्री वॉल बनाने के निर्देश दिए है जिससे, कोई भी अनाधिकृत प्रवेश न कर सके। उन्होंने खदान क्षेत्र में खदान विवरण पट्टिका, सुरक्षा मापदण्डों का विवरण एवं चेतावनी दर्शाने वाली बोर्ड लगाने को कहा है। जिसमें खदान की गहराई आमजनों के प्रवेश निषेध, आम निस्तारी पर प्रतिबंध, आदि विवरण का उल्लेख हो। मिश्रा ने दुर्घटना संभावित क्षेत्र में चेतावनी संकेत लगाना, ताकि लोगों को आगाह किया जा सके। उन्होंने खदानों की सुरक्षा एवं आमजनों, मवेशी आदि के प्रवेश पर प्रतिबंध हेतु निजी सुरक्षा कर्मी तैनात कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खदान के चारों ओर मेड़ बनाकर, सघन पौधारोपण कराने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने पंचायतों एवं ग्रामसभा की बैठकों में समस्त ग्रामवासियों को खदानों से होने वाले खतरों के संबंध में सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने खदान परिक्षेत्र के आसपास स्थित स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं अन्य शासकीय संस्थाओं को सुरक्षा उपाय एवं उक्त प्रतिबंधित क्षेत्र में बच्चों को नहीं जाने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने को कहा है। मिश्रा ने कहा कि खदान की अवधि समाप्त होने पर सुरक्षा की जिम्मेदारी निजी भूमि के मामले में संबंधित पूर्व पट्टेदार, भूमिस्वामी तथा शासकीय भूमि के मामले में सबंधित ग्राम पंचायत की होगी। उन्होंने स्वीकृत खदानों में ब्लास्टिंग किए जाने के दौरान सुरक्षा मानकों का समुचित परिपालन सुनिश्चित कराने तथा बंद खदानों में माईंस क्लाजर प्लान का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

# रेंगाडबरी में खाद की कमी, किसानों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौण्डीलोहारा

वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में 31 जुलाई को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रेंगाडबरी में 700 बोरी यूरिया खाद आया, जिसे 1 अगस्त को वितरण किया गया। इसमें पर्याप्त मात्रा में खाद्य उपलब्ध नहीं होने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है, जो की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रेंगाडबरी में पहले भी खाद की कमी को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था, उसके बावजूद खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पाया है। इसके चलते समिति के कर्मचारी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि धरना प्रदर्शन में किसानों को दो-तीन दिन के अंदर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। किसानों के लिए यह बारिश का फसल 1 वर्ष में एक ही बार खाद लिया जा रहा हैं जो की एक फसल के लिए भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते किसानों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है और किसानों द्वारा चेतावनी दी जा रही है कि हम फिर से आंदोलन करने को तैयार है। सोसाइटी में किसानों को संभालना मुश्किल हो रहा है।

### छात्रों की सुरक्षा पर जिला प्रशासन का कड़ा कदम

# स्कूलों के पास स्थित तालाब-नाले में हो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में संचालित शासकीय एवं निजी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के आस–पास स्थित तालाब, नाला एवं अन्य दुर्घटनाजन्य स्थानों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सहायक संचालक मत्स्य विभाग एवं सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कलेक्टर मिश्रा ने तालाब, नाला या अधिक जल भराव वाले स्थान तथा मुख्य मार्ग से लगे हुए स्कूल एवं आंगनबाड़ियों में बाउंड्री वॉल कराने को कहा है। इसके साथ ही ऐसी संस्थाओं में बाउंड्री वॉल की अद्यतन स्थिति की जानकारी संकलित कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने संस्था प्रमुखों को बच्चों को तालाब और नालों के आस–पास स्थानों में नहीं जाने के लिए जागरूक करने तथा ग्राम स्तर पर भी मुनादी कर परिजनों को भी जागरूक करने का सतत प्रयास कराने को कहा है। मिश्रा ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों तक आने–जाने वाले रास्ते में कोई तालाब, नाला या अन्य जल स्त्रेत जिसमें दुर्घटना घटित होने की संभावना रहती हो, उसका ग्रामवार चिन्हांकन करते हुए जानकारी संकलित कर एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने को कहा हैं। कलेक्टर मिश्रा ने इन चिन्हांकित स्थलों पर नोंटिस बोर्ड या दीवाल लेखन के माध्यम से जन जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार कराने को कहा है जिससे भविष्य में कोई दुर्घटना घटित न होने पाए। उन्होंने मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित नवीन तालाबों एवं तालाब गहरीकरण कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत निस्तारी के उपयोग में लाने के लिए सूचना पटल, जल भराव की स्थिति में खतरे के निशान का चिन्हांकन एवं अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित कराने को कहा है। ऐसे स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन जहां बारिश के कारण पानी भरने एवं आवागमन बाधित होने की स्थिति निर्मित होती हो इन स्थानों पर जल निकासी के कार्य त्वरित रूप से सुनिश्चित कराने एवं स्कूल, आंगनबाड़ी परिसर में साफ–सफाई एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### बच्चों को शिक्षा, एक्टिविटी, खेल सहित सभी सुविधाओं का मिला रहा लाभ

# आत्मानंद स्कूल में आओ स्कूल संवारें हम थीम को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/निकुम



विकासखंड दुर्ग के स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी स्कूल निकुम में प्राचार्य एस देवराजन व पालक समिति अध्यक्ष दिलीप साहू के तत्वावधान में आओ स्कूल संवारे हम, थीम की नई शुरुआत को बेहतर प्रतिफल मिल रहा है, जिसमें 64 योगिनी मोक्षधाम लिमोरा के संस्थापक व समाज सेवी छत्तीसगढ़ के नाड़ी वैद्यराज गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने स्कूल में तीन व्हाइट एंड ग्रीन बोर्ड दिया, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा व संस्कार मिले। अब गांव के स्कूलों की तस्वीर व बच्चों के तक़दीर को एक छोटा सा बेहतर प्रयास कर के शिक्षा का मंदिर संवार सकते हैं, बच्चों को न्योता मिले, बच्चो के साथ खुशी बिखेरे, बच्चो के चेहरे ख़ुशी से झूम उठे, बेहतर पहल करते हुए पूरे सभी बच्चे पूरी मेहनत, लगन और लक्ष्य के साथ मेहनत करे, तो जीवन में सफलता निश्चित मिलेगी, ताकि बच्चो का भविष्य बेहतर हो, वही स्कूल प्रबंधन ने बेहतर प्रयास बताया, गौर हो सेजस निकुम स्कूल में सहयोग करने कई आगे आ रहे है। इस अवसर पर प्राचार्य एस देवराजन ने बताया सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा, एक्टिविटी, खेल सहित सभी सुविधा मिले इसका प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर समाज सेवी रोशन देशमुख, तिलक देशमुख, शिक्षक खुशबू मिश्रा डॉ.दिव्या पवार मनदीप कौर, निशि चंद्राकर मंजुलता देवांगन, रिया भोयार, नेहा पिल्ले, साक्षी साहनी, कौशल जिज्ञासु, दीपक खत्री सहित सभी उपस्थित थे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)

अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद
मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444

खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ की वार्षिक आमसभा 3 को

**दुर्ग।** जिला साहू संघ की वार्षिक आमसभा 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे से साहू सदन केलाबाड़ी दुर्ग में आयोजित है। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मा माता की पूजा एवं आरती से की जाएगी। वर्षिक आमसभा में पिछले वर्ष के आय व्यय व ऑडिट रिपोर्ट का ब्योरा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही महासचिव के द्वारा पिछले वर्ष हुए कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने आनेवाले वर्ष में होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी जाएगी। समाज के वरिष्ठ संरक्षक एवं समाज सेवियों का सम्मान किया जाएगा। सर्वसम्मति से समाज हित मे कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया जाएगा। राष्ट्र गान के साथ सभा का समापन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने यह जानकारी दी।

### 251 शिव महारुद्राभिषेक 3 को, निकलेगी शोभायात्रा

**भिलाई।** सकल गुजराती समाज द्वारा 251 शिव महा रुद्राभिषेक का आयोजन लोकांगन वैशालीनगर में 3 अगस्त को किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शोभायात्रा सुबह 8.30 बजे जलाराम मंदिर वैशाली नगर से निकलेगी। सुबह साढ़े 10 बजे यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। जहां विधि-विधान से रुद्रपाठ, महामृत्युंजय जाप, और विशेष पूजन सम्पन्न किया जाएगा। पं. प्रकाश जोशी एवं उनकी अनुभवी वेदाचार्य मंडली द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर 251 शिवलिंगों का सामूहिक जलाभिषेक किया जाएगा। वैदिक मंत्रों की गूंज सुनाई देगी। जबलपुर के कलाकारों द्वारा विशेष नृत्य एवं शिव तांडव की प्रस्तुति दी जाएगी। अध्यक्ष गिरीश सांवरिया ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह समाज की एकता, सहयोग और हमारी परंपराओं के प्रति सम्मान का प्रतीक भी है। सचिव संजू नाथवाणी ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

# नए ट्रांसफार्मर में हाई वोल्टेज से एसी, फ्रीज, कम्प्यूटर सिस्टम जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जवाहर नगर विद्युत जोन के मोहन नगर क्षेत्र में बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसकी वजह से 20 से ज्यादा घरों के टीवी, फ्रीज, कूलर और कम्प्यूटर सिस्टम खराब हो गए। जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र में गुरुवार को 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था।

टेस्टिंग के दौरान करीब दो घंटे बाद अचानक ट्रांसफार्मर का तेल बाहर आने लगा। इसके बाद जोड़ से आवाज आई। लोगों के घरों के टीवी, कूलर, फ्रीज, पंखे, कम्प्यूटर सिस्टम, चार्जिंग में लगे लैपटॉप खराब हो गए। जानकारी के बाद बिजली कंपनी का अमला मौके पर पहुंचा। टीम ने पुराने ट्रांसफार्मर को अपडेट कर शुरू किया।

इसके बाद बिजली की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य हो सकी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से मामले को लेकर शिकायत भी की। उनका आरोप है कि बिजली कंपनी के अफसरों की लापरवाही से यह घटना हुई।



**जवाहर नगर विद्युत जोन के मोहननगर क्षेत्र में हुआ हादसा**

### सुबह 10 बजे से शाम 7:30 बजे तक बिजली आपूर्ति रही बाधित

जानकारी के मुताबिक नए ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग को लेकर शटडाउन लिया गया था। इस वजह से सुबह 10 बजे से शाम 7:30 बजे तक बिजली गुल रही। इस दौरान बिजली उपभोक्ता लगातार बिजली कंपनी के दफ्तर में शिकायत करते रहे, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ, न ही जिम्मेदारों ने समस्या की जानकारी दी। उपभोक्ताओं ने कहा कि इस घटना से हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा। बिना ट्रांसफार्मर की जांच-पड़ताल के सीधे सप्लाई तारों से क्यों जोड़ा गया। शिकायत करने वालों में अमर दानी, आकाश दानी, पीपी दानी, आरएस भट्ट, एमएल घोष सहित अन्य शामिल हैं।

### लो वोल्टेज की समस्या से लोग हो रहे परेशान, शिकायत

इधर जवाहर नगर क्षेत्र में पिछले लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। उद्यानों के आसपास पेड़ों की टहनियों की भी छंटाई नहीं की गई है, इसके कारण आए दिन शार्ट सर्किट से बिजली गुल हो रही है। शिकायत के बाद भी बिजली कंपनी के अफसरों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि लो वोल्टेज की वजह से कई बार घंटों बिजली सप्लाई बाधित रहती है।

**जिन घरों में हुआ नुकसान, उनका कराया जाए सर्वे**

बिजली उपभोक्ताओं ने मांग की है कि मोहन नगर के जिन घरों में हाई वोल्टेज की वजह से नुकसान पहुंचा है, उन घरों का सर्वे कराया गया। उन्हें मुआवजा दिया जाए। इसे लेकर मुख्य अभियंता और कार्यपालन अभियंता से शिकायत की जाएगी। आरएस भट्ट ने कहा कि बिजली की लचर व्यवस्था से पूरा शहर परेशान है। बिजली कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी समस्या होने पर फोन तक नहीं उठाते। कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बदल दिया गया है ट्रांसफार्म

मोहन नगर क्षेत्र में हाई वोल्टेज की समस्या आई थी, इसे सुधार लिया गया है। नए ट्रांसफार्मर में यह परेशानी आई थी। कुछ लोगों के घरों में नुकसान होने की खबर आई है। जानकारी ली जाएगी।

-महेंद्र साहू, एई बिजली कंपनी जवाहर नगर जोन दुर्ग

**बैठक : महापौर अल्का बाघमार का अधिकारियों को दो टूक, 15 दिन में दें रिपोर्ट**

# अवैध निर्माण पर होगी कार्रवाई, गंदगी फैलाने वाले डेयरी संचालकों से वसूला जाएगा 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में अब निगम के कर्मचारी, अधिकारी सर्वे करेंगे। इस दौरान अवैध निर्माण करने वालों को तत्काल नोटिस जारी किया जाएगा। उन पर कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं जहां कहीं भी डेयरी संचलाकों द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है, उन सभी से 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए सभी वार्ड पार्षदों से अपील की गई है कि इसकी जानकारी तत्काल निगम के जिम्मेदारों को दें, जो अधिकारी कार्रवाई नहीं करता, उन पर महापौर कार्रवाई करेंगी। निगम परिसर के सभागार में ली गई बैठक में महापौर अल्का बाघमार ने इसके निर्देश दिए। बैठक में एमआईसी मेंबर देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

महापौर ने कहा कि उन्होंने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया है। वार्डों में सफाई व्यवस्था देखी। लोगों ने अवैध निर्माण से जुड़ी शिकायत की। कर वसूली की स्थिति का गहन परीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने इंजीनियरों और सहायक राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेकर कड़े निर्देश दिए।



### टैक्स वसूली में लाएं पारदर्शिता अनियमितता मिलने पर करें कार्रवाई

महापौर ने सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे एआरआई के साथ मिलकर फील्ड पर काम करें। काम में पारदर्शिता लाएं। वार्डों में नियमित रूप से फील्ड में उपस्थित रहें। टैक्स वसूली करें। निर्माण से जुड़ी जानकारी की रिपोर्ट तैयार करें। ऐसी रिपोर्ट 15 दिन के भीतर तैयार कर दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों और सहायक राजस्व निरीक्षकों को 15 दिनों के भीतर वार्डवार रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट नहीं दी जाएगी या कार्य में लापरवाही बरती जाएगी। उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### शहर में खटाल फैला रहे गंदगी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

शहर में खटाल संचालक गंदगी फैला रहे हैं। इसे लेकर निगम में शिकायत लगातार की जा रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ खानापूर्ति की गई है। आदेश और निर्देश जारी होते रहे हैं, लेकिन समस्या जस के तस बनी हुई है। शहर के शिवपारा, सारथी पारा, स्टेशन रोड, दीपक नगर, आईएमए चौक के पास, बोरसी, पोटिया, पुलगांव, सिकोलाभाटा, तितुरडीह सहित अन्य जगहों पर ऐसे खटालों की भरमार है, जो गंदगी फैला रहे हैं।

### अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश

महापौर ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहर में बिना अनुमति चल रहे निर्माण की तुरंत जांच की जाए। यदि निर्माण की अनुमति नहीं है, तो उसे तत्काल रोका जाए। संबंधितों को नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सहायक राजस्व निरीक्षक फील्ड में रहकर हर निर्माण गतिविधि की निगरानी करें। वार्ड इंजीनियर को उसकी जानकारी दें। महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की सभी डेयरियों की सफाई व्यवस्था की जांच की जाएगी। जहां गंदगी पाई जाएगी, उन डेयरियों पर 5 हजार का जुर्माना लगाया जाए। निगम द्वारा नोटिस दिया जाए।

### टाउनशिप में खटाल की वजह से बढ़ी परेशानी

टाउनशिप के अलग-अलग सेक्टरों में भी संचालित खटालों से परेशानी बढ़ गई है। उठती बदबू और शाम के सड़कों में मवेशियों के जमघट ने लोगों को परेसान कर दिया है। गुरुवार को रुआबांदा सेक्टर वार्ड 6 पार्षद के नेतृत्व में सेक्टर वासियों ने सेक्टर से लगी रुआबांधा बस्ती का अवलोकन किया।

## नहीं मिल रहा राशन, शिविर में शिकायत का भी असर नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में राशन दुकानों से कई राशनकार्ड धारियों को राशन नहीं मिल पा रहा है।

राशन दुकान से उन्हें तकनीकी खराबी की बात कहकर लौटाया जा रहा है। इसे लेकर हितग्राहियों ने पटरीपार वार्ड 57 एवं 58 में लगाए गए समाधान शिविर में शिकायत की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि राशन दुकान में उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे उन्होंने दो महीने से राशन नहीं मिल पाया है। गुरुवार को लगाए गए शिविर में आईएचएसडीपी आवास के कक्ष में शिविर लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य, राशन, निराश्रित पेंशन, बाजार, आवास, जल, भवन, विद्युत, आयुष्मान, स्वनिधि आदि विभाग द्वारा लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए।

- वार्ड-57 व 58 में लगाए गए समाधान शिविर
- 80 मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य व आयुष्मान व स्वनिधि 8 हितग्राही हुए लाभान्वित

मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य 80, आयुष्मान एवं स्वनिधि 08 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड, विद्युत, आवास, स्वास्थ्य, जल, पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर उपायुक्त मोहेंद्र साहू, थान सिंग यादव, नारायण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## फार्मेसी की छात्रा अंजलि साव को जीपैट में 376 रैंक हासिल, शहर का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देश के शीर्ष फार्मेसी कॉलेजों में दाखिले के लिए ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट यानी जीपेट का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ से 1126 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 127 ने क्वालीफाई किया है।

रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के फार्मेसी कॉलेज की छात्रा अंजलि साव ने जीपैट में ऑल इंडिया रैंक 376 हासिल कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इसी तरह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाइपर) के परिणाम भी जारी हुए हैं। इसमें भी अंजलि ने देशभर में एआईआर 678 हासिल की है। जीपैट में रूंगटा आर-1 फार्मेसी की ही मोनिका रावते को 5308 एआईआर मिली है। वहीं त्रिभुवन कौशल को एआईआर 3477 मिली है, वहीं नाइपर में उनकी रैंक 3304 आई है। हर्षिता मीना को जीपैट में एआईआर 7614 और नाइपर में 3969 रैंक हासिल हुई है। बता दें कि, जीपैट राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जिसके जरिए देश के टॉप शासकीय व निजी फार्मेसी कॉलेजों में दाखिला मिलता है। इस परीक्षा के जरिए छात्र इन संस्थानों से एम फार्मेसी सहित पीएचडी आदि करने के लिए क्वालिफाई हो जाते हैं।

### हर महीने मिलेगी स्कॉलरशिप

रूंगटा यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि सभी चयनित छात्र-छात्राएं अब राष्ट्रीय स्तर के फार्मेसी रिसर्च संस्थान से आगे की पढ़ाई करेंगे। चयनित सभी विद्यार्थियों को अब फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया यानी पीसीआई हर महीने 12,400 रुपए की स्कॉलरशिप भी देगा। इसके अलावा देश के लीड फार्मेसी कॉलेजों में दाखिले के लिए इन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा, प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया, डायरेक्टर रिसर्च डॉ. एजाजुद्दीन ने हर्ष व्यक्त किया।

## गणपति विहार में बुजुर्गों के लिए बना सियान सदन



**विधायक ने किया लोकार्पण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

गणपति विहार के वरिष्ठजनो को विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर सियान सदन बनाया गया है। इससे बुजुर्गों को उपयुक्त स्थल मिलेगा, जहां वे समय व्यतीत करने के साथ ही रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कर सकेंगे। विधायक गजेन्द्र यादव ने इसका लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि गणपति विहार कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मांग पर राशि स्वीकृत की गई थी। बुजुर्गों को एक सम्मानजनक, सुरक्षित और सुसज्जित भवन स्थल उपलब्ध हो पाया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग रिटायर नहीं होते वे अनुभव का खान होते हैं। वरिष्ठजनों के अनुभव से बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। बाल्य अवस्था से बुजुर्ग अवस्था तक के समस्या और निदान का अनुभव होता है। उन्होंने बुजुर्गों से अपील की कि समाज को संस्कारित बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, कुम्हारी नगर पंचायत की अध्यक्ष मीना वर्मा, पार्षद गुलशन साहू, गणपति विहार कॉलोनी के अध्यक्ष शैलेष जोशी मौजूद थे।

## यात्री ट्रेनों को रद्द करना षड़यंत्र, पब्लिक हो रही परेशान, रेलवे निर्णय पर करे पुनर्विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

देश की सबसे बड़ी परिवहन व्यवस्था रेलवे में ट्रेनों की लेटलतीफी और अचानक रद्द किए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है। ट्रेनों को रद्द करने का षड़यंत्र चल रहा है। आप के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि त्यौहार के दिनों में भी बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। लाखों लोग परेशान हो रहे हैं। रेलवे को जानबूझकर डैमेज किया जा रहा है। एक वर्ग विशेष हो हवाईजहाज में शिफ्ट करने की कोशिश हो रही है। अडानी जैसे बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए मालगाड़ियों की संख्या बढ़ाई जा रही है, उन्हें क्लीयर रखने के लिए यात्री ट्रेनों को लेट किया जा रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने रेलवे रद्द ट्रेनों के कारण आम यात्रियों को हो रही परेशानियों को लेकर कहा कि बिलासपुर और रायपुर डिवीज़न में

- हर माह 1 लाख 68 हजार टिकट कर रहे है कैंसिल
- ट्रेनों के रद्द होने से आम यात्रियों को हो रहे है परेशानी

पिछले 3 माह में लगभग 2000 ट्रेनें रद्द करने से आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। अब जबकि रक्षाबंधन और 15 अगस्त का त्यौहार आने वाला तो बिलासपुर ज़ोन की 4 पैसेंजर ट्रेने रद्द करना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। वदूद आलम ने बताया रेलवे की रद्द ट्रेनों के कारण टिकट कैंसिलेशन से रायपुर ज़ोन को मात्र 1 महीने में ही 16 करोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं मात्र रायपुर डिवीज़न जिसके अंतर्गत दुर्ग भी आता हैं में हर माह 1लाख 68 हजार टिकट लोग कैंसिल कर रहें हैं। रायपुर डिवीज़न जिसके अंतर्गत दुर्ग भी आता है। दुर्ग में भी ट्रेन रद्द होने से जनता कों बहुत परेशानी हो रही है।

### सिग्नलिंग और मेंटेनेंस के नाम पर चल रहा खेल

सिग्नलिंग और मेन्टनेन्स के नाम पर रेलवे यात्री ट्रेनों को तो रद्द किया जा रहा है। मालगाड़ी ट्रेनों को ना ही कभी रद्द किया जाता है। ना ही ये मालगाड़ी ट्रेनें कभी विलम्ब से चलती हैं। रायपुर ज़ोन में 11 हजार 733 ट्रेनें देरी से चलीं, जो कि रेलवे की जनता को हो रही परेशानियों के प्रति लापरवाही है। कभी भी रद्द ट्रेन या देरी से आती ट्रेनों पर किसी रेलवे अधिकारी जवाबदेही मानकर कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती।

### युक्तियुक्तकरण से छात्रों को मिले विषय विशेषज्ञ शिक्षक, बच्चों में बढ़ रहा शिक्षा का स्तर

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पहल अब ग्रामीण शिक्षा में नई क्रांति ला रही है। जिले के धमधा ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी में इस प्रक्रिया के तहत जीवविज्ञान विषय के नए शिक्षक की पदस्थापना की गई है, जिससे विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी में पढ़ने वाले कक्षा 11वीं के छात्र सोमनाथ निषाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताते हैं कि पहले हमारे स्कूल में जीव विज्ञान के लिए कोई अलग से शिक्षक नहीं थे। हमें जीव विज्ञान या तो सीनियर छात्र समझाते थे या फिर दूसरे विषयों के शिक्षक समझा दिया करते थे, जिसकी वजह से विषय समझना पहाड़ तोड़ने जैसा लगता था। युक्तियुक्तकरण से अब हमें विषय विशेषज्ञ शिक्षक मिल गए हैं। अब विषय आसान लग रहा है। अब हमें विज्ञान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता। इस बदलाव के लिए हम मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का दिल से धन्यवाद करते हैं। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों का सही जगहों पर पुनर्विनियोजन करना है, ताकि उन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी हो सके, जहाँ उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है, बल्कि इससे विद्यार्थियों के उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य को भी मजबूत आधार मिल रहा है।

### अग्निवीर भर्ती: शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी शुरू

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2026 के लिए आयोजित ऑनलाइन परीक्षा का चयन परिणाम घोषित किया जा चुका है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के द्वारा जिले के ऑनलाईन परीक्षा (सी.ई.ई) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। दुर्ग जिले के अभ्यर्थी जो अग्निवीर की भर्ती 2026 के लिए आयोजित ऑनलाईन परीक्षा (सी.ई.ई) में उत्तीर्ण हुए हैं। उन्हें 14 तक जानकारी देने कहा गया है।

## हरीश छग मंच संचालक समिति के जिला इकाई दुर्ग अध्यक्ष बने



**भिलाई।** मंच संचालक समिति का नया अध्यक्ष हरीश साहू को नियुक्त किया गया है। संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ की एक बड़ी संस्था है।इसमें छत्तीसगढ़ के 315 मंच संचालक जुड़े हुए हैं। इसके बैनर तले हर वर्ष विशाल महोत्सव, रक्तदान शिविर, सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। 4 वर्ष बाद प्रदेश व जिला पदाधिकारियों का चयन किया गया। समिति में उपाध्यक्ष खिलावन साहू, योगराज साहू, सचिव डॉक्टर वेदप्रकाश साहू, रविकुमार मुठेल, कोषाध्यक्ष ताराचंद साहू, मीडिया प्रभारी खिलेश्वर प्रसाद साहू को बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीजेपी के महामंत्री प्रेमलाल साहू थे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सोहन साहू, संयोजक चंद्रशेखर परघनिया, पूर्व अध्यक्ष गणेश यदु, संजय मैथिल, रामकुमार साहू,सीमा साहू, लोक गायक भगवती साहू, भारत यादव सहित अन्य मौजूद थे।

**खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की बैठक में कई निर्णय**

# खुलेंगे बारदाना बुनाई और सिलाई केंद्र, खादी को प्रोत्साहित करने लगाई जाएगी 40 दिन की प्रदर्शनी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की 44वीं संचालक मण्डल कि बैठक हुई। खादी बोर्ड मुख्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने की। बैठक में ग्रामोद्योग विभाग सचिव सह बोर्ड के प्रबंध संचालक श्यामलाल धावड़े एवं छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों जैसे वित्त, वाणिज्य एवं उद्योग, हथकरघा, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उच्च अधिकारी सदस्य मौजूद थे। बैठक में ग्राम उद्योग को बढ़ाने की दिशा में किए जाने वाले कार्यों, खादी को प्रोत्साहित करने को लेकर बनाई गई कार्ययोजना पर चर्चा की गई। पांडेयय ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है। अधिकारियों ने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहन, उत्पादन केंद्रों के आधुनिकीकरण, और नवाचार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन आदि से अवगत कराया गया।



### बस्तर में कपास की बाड़ी, प्रोत्साहन के लिए प्रदर्शनी लगाने पर बनी सहमति

बैठक में खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र के सतत विकास हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बोर्ड के उपरोक्त उद्देश्यों को केंद्र पर रख कर बस्तर संभाग में कपास बाड़ी स्थापना, राज्य में बारदाना बुनाई एवं सिलाई केंद्र स्थापना, संभाग एवं 40 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी सह खादी कार्निवल का आयोजन, प्रीमियम खादी एवं ग्रामोद्योग विक्रय केंद्र जैसे अन्य 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर संचालक मंडल ने निर्णय लिए। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



# सेक्टर-6 नाली में गिरी भैंस, तीन घंटे के रेस्क्यू बाद सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में खटाल संचालकों की बेखयाली का खामियाजा बेजुबां मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है। भैंस और गाय आदि जानवर नालियों और नाले आदि में फंसकर घायल हो रहे हैं या उनकी दर्दनाक मौत हो रही है। आज गुरुवार को फिर सेक्टर 6 की नाली में एक भैंस के गिर जाने से जान जाते जाते बची।

क्षेत्रवासियों और भैंस मालिकों की मदद से चार घंटे की भारी मशक्कत से रेस्क्यू कर भैंस को गंभीर अवस्था में सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान पचासों लोगों की भीड़ लगी रही और रोड पर जाम के हालात बनते रहे। दोपहर करीब ढाई बजे एक भैंस अचानक सेक्टर 6 नाले के निकट पावर जिम के सामने में बड़ी व गहरी नाली में गिर गई। भैंस काफी देर तक बाहर निकलने के लिए छटपटाते हुए कोशिश करती रही लेकिन बार बार फिसलकर नाली में फंस जा रही थी। इस दौरान राहगीरों की नजर भैंस पर पड़ी और गौसेवक गोस्वामी ने वार्ड पार्षद साकेत चंद्राकर को मदद के लिए फोन किया। उन्होंने नगर निगम भिलाई से एक जेसीबी मंगाई ताकि, भैंस को बाहर निकाला जा सके। इस दौरान बी मार्केट के निकट भैंस का मालिक भी 2 युवकों के साथ पहुंच नाली में खुसकर अपनी भैंस को बाहर निकालने प्रयास करता रहा। दोपहर 3 बजे से शाम 6.30 बजे तक साढ़े तीन घंटे के रेस्क्यू के बाद बड़ी मुश्किल से भैंस को नाली से बाहर सुरक्षित निकाला जा सका। इसके लिए नाली को तोड़कर रास्ता बनाने में रेस्क्यू टीम का पसीना छूट गया और भैंस भी घायल हो गई। भैंस को सुरक्षित बाहर निकालने में पार्षद साकेत चंद्राकर व गोस्वामी व क्षेत्र के युवकों व निगम के जेसीबी चालक का योगदान रहा।

**आए दिन नाले, नालियों व गड्ढों में फंस रहे बेजुबां जानवर, खटाल मालिकों व गौपालकों की लापरवाही भारी पड़ रही**



### पंद्रह दिन पूर्व गाय की गई जान व तीन भैंसे फंसीं

टाउनशिप व पटरीपार में खटाल संचालकों और गौ पालकों की असंवेदनशील लापरवाही से मूक जानवर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। दूध दुहने के बाद मवेशियों को यहां वहां चरने के लिए छोड़े दे रहे हैं। कई गाय, बछड़े और भैंसे आए दिन नाले, नालियों और इसी तरह के गड्ढठों मे गिरकर घायल हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पखवाड़ेभर पूर्व सेक्टर 6 नाले में भी एक गाय गिरकर मर गई थी। इसके पूर्व प्रियदर्शनी परिसर नाली में और कोसानाल के निकट गड्ढे में भी एक भैंस फंसकर बुरी तरह घायल हो गई थी। बारिश में पानी, दलदली व जलकुंभी के चलते इस तरह की समस्या बढ़ गई है।



## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जुलाई माह में 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान में कार्यरत कर्मियों सहित 14 कार्यपालक व 77 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। गुरुवार को समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। बीएसपी के सीजीएम संदीप माथुर, जीएम सूरज कुमार सोनी और डीजीएम राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने सेवानिवृत्तो हुए कर्मियों व अधिकारियों के योगदान का उल्लेख करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

### वार्ड-8 में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन



**भिलाई।** रिसाली निगम के वार्ड 8 रिसाली सेक्टर में 11 लाख 69 हजार की लागत राशि से सीमेंटकरण का कार्य की शुरुआत हुई। नवीन कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर ने किया।पार्षद ने कहा मेरे वार्ड के ब्लॉकों में बरसात के मौसम में रहवासियों को चलने में समस्या होती थी। जिसके समाधान में सीमेंटीकरण कराया जा रहा है।भूमिपूजन मे पार्षद अनूप डे ,सोनिया देवांगन एंव वार्डवासी उपस्थित रहे।

### नर्सरी प्रबंधन पर कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा में प्रशिक्षण

**दुर्ग।** जिले के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा दुर्ग में नर्सरी प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला दुर्ग के साथ-साथ बेरला, बेमेतरा, बालोद, रायपुर के भी ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेश विस्तार सेवायें डॉ. एस.एस. टूटेजा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नर्सरी व्यवसाय कैसे स्थापित किया जाय, पौधों को तैयार करने की विभिन्न तकनीक जैसे कटिंग, गुंटी, बडिंग, ग्राफ्टिंग, नर्सरी पौधों को कीट बीमारियों से रोकथाम, प्रो ट्रे में पौधे तैयार करना जैसी तकनीकों का जीवंत एवं प्रायोगिक प्रदर्शन करके सिखाया गया।

### निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे निर्दलीय पार्षद

# पार्षदों, इंजीनियर और शहर मंत्री की टीम ने की जांच, सामने आई सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

भिलाई नगर निगम अंतर्गत 2 करोड़ रुपए से नाली निर्माण, नए पोल और तालाब के सौंदर्यीकरण के मामले की जांच के लिए गठित टीम जांच के लिए पहुंची। टीम ने जीई रोड के किनारे बन रही नाली और नए पोल की जांच की। इसमें चौकाने वाली सच्चाई सामने आई। टीम में अधीक्षण यंत्री अजीत तिग्गा, नितेश मेश्राम, शहर मंत्री केशव चौबे, पार्षद हरिओम तिवारी, रविशंकर कुर्रे, मीरा जितेंद्र बंजारे, रानू राजू साहू और अनीता अजय साहू मौद रहे।

टीम के सदस्यों ने जीई रोड के किनारे कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पंप तक बन रही कंक्रीट की नाली और नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक तक लग रहे पोल की जांच की। नाली की जांच के दौरान पाया गया कि ठेकेदार ने नाली के बेस को 12 इंच की जगह मात्र पांच इंच मोटा ही बनाया है। इतना ही नहीं नाली की दीवार में जो लोहे की सरिया लगनी थी वो 4-4 इंच के गैप में लगनी थी, लेकिन ठेकेदार ने लोहे की चोरी करने के लिए दो सरिया के बीच की दूरी को 8 इंच रखा है। अधीक्षण यंत्री और शहर मंत्री ने इस पर आपत्ती जताई है। इसके बाद टीम ने नए पोल की जांच की तो पाया गया कि पुराने पोल पूरी तरह से सही थे उसके बाद भी उनकी जगह नए पोल लगाए गए।इतना ही नहीं जो नए पोल लगाए गए हैं उन्हें पूराने पोल को काटे गए टुकड़े से ही ब्लेडिंग करके जोड़ दिया गया है। पार्षद हरिओम तिवारी ने कहा कि जांच के दौरान साबित हुआ है कि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया गया है और जनता के पैसों का दुरुपयोग किया गया है। अब टीम इस जांच रिपोर्ट को जल्द ही निगम आयुक्त के पास रखेगी।





### धरने के बाद बनी थी जांच टीम

आपको बता दें कि भ्रष्टाचार के तीन मुद्दों को लेकर भिलाई निगम के निर्दलीय पार्षदों ने जोन 1 कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया था। धरने के दूसरे दिन प्रभारी आयुक्त भागीरथी वर्मा ने एक जांच टीम बनाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट उन्हें देगी। जांच में गलत पाए जाने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

### 2 करोड़ की नाली में खुलेआम भ्रष्टाचार का लगाया था आरोप

धरने पर बैठे पार्षदों ने कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पंप तक वार्ड 17 से 6 तक बिना बेस और पर्याप्त लोहे के नाली का निर्माण करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि निगम ने इसके लिए 1 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत का टेंडर पास किया है। इतनी बड़ी लागत से निर्माण होने के बाद भी नाली में ना तो सही बेस तैयार किया जा रहा है, ना मानक के मुताबिक लोहा लग रहा है। टीम ने जांच के दौरान आरोप सही पाया है। अब इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### निकाले गए खंभों का नहीं हुआ भौतिक सत्यापन

धरने पर बैठे पार्षदों का आरोप है कि पुराने खंभे तभी हटाए जाने थे, जब वो खराब हो गए हों। उन्होंने निगम से मांग की है कि क्या निगम ने पुराने खंभों को निकालने से पहले उनका भौतिक सत्यापन कराया है। यदि कराया है तो उसकी रिपोर्ट कहां है। जांच में सामने आया की नए खंभे सिर्फ कुछ लोगों की मनमर्जी के चलते लगाए जा रहे हैं।

### स्वीकृति के बाद भी भेलवा तालाब का नहीं हो रहा सौंदर्यीकरण, बाटजोह रहा

धरने पर बैठे पार्षदों ने आरोप लगाया कि भेलवा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। पार्षद पति राजू साहू का कहना है कि निगम सिर्फ इसलिए टेंडर नहीं लगा रहा है क्योंकि उनके आका को उनके मुताबिक कमीशन देने वाला ठेकेदार नहीं मिल रहा है। इसी कारण तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य रुका हुआ है और पूरा तालाब जलकुंभी और गंदगी से पट चुका है।

# एनएचएम कर्मचारी संघ का आंदोलन का दूसरा चरण 18 से

**अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा की है। यह निर्णय पूरे प्रदेश के 33 जिलाध्यक्षों सहित प्रांतीय पदाधिकारियों की प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित मिरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। ,बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त तक अगर दस सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए कोई फैसला नही लिया गया तो 18 अगस्त 2025 से अनिश्चितकालिन हड़ताल का आगाज होगा। जिसमे प्रदेश के 16000 कर्मचारी सम्मिलित होंगे। सभी जिलाध्यक्षो को आंदोलन की तैयारी चालू करने के लिए कहा गया है।

### इन मांगों को लेकर आंदोलन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों के लिए है वर्षो से है संघर्षरत हैं। मिशन स्तर की 5 मांगों पर बनी थी सहमति,लेकिन मांगे आज भी पूरी नहीं हो पाई है। पदाधिकारियों का कहना है कि मोदी की गारंटी घोषणा पत्र में किया गया था 100 दिन में नियमितीकरण के लिए कमेटी बनाने का वादा डेढ़ साल बाद भी हुआ कुछ नहीं। पिछले डेढ़ वर्षो में 155 बार दिया जा चुका है। इसलिए अब अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### इस बार आपातकालीन सेवाओं को ठप करने का निर्णय

अबकी बार आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा भी बंद रहेगी। उनका कहना है कि 16000 से ज्यादा कर्मी के हड़ताल पर जाने से चरमरा सकती है। पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मी है जो स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। पिछले दिनों 10 से 17 जुलाई तक चरण बद्ध आंदोलन हुआ था। उसके बाद विधानसभा का घेराव भी करने का प्रयास हुआ। उनकी मुख्य मांगे हैं कि स्वास्थ्य विभाग में संविलियन , नियमितीकरण हो। ग्रेड पे निर्धारण, मेडिकल अवकाश की कैशलेस सुविधा, स्थानांतरण नीति का निर्धारण, अनुकम्पा,पेंशन सहित अन्य 10 सूत्रीय मांगें हैं।

# एसपी-3 में करंज कुंज का लोकार्पण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 (एसपी-3) में विकसित करंज कुंज उद्यान का लोकार्पण किया गया। यह पहल पर्यावरणीय पुनर्जीवन और कर्मचारियों की भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्यान को सहायक महाप्रबंधक आरक रणदिवे के नाम समर्पित किया गया। सिंटर संयंत्र के सतत विकास में दिए गए उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए यह निर्णय लिया गया। जीएम प्रभारी अनूप कुमार दत्त व महाप्रबंधक सजीव वर्गीज आदि वरिष्ठ अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

- कर्मियों ने टीम वर्क से किया विकसित
- उद्यान के चारों और सुरक्षा के लिए बनाए रेलिंग

स्थल अनुपयोगी भूमि के रूप में उपेक्षित था । अब यह हरियाली और कर्मियों विश्राम करने का स्थल भी बन गया है। उद्यान के चारों ओर सुरक्षा रेलिंग व फेंसिंग की स्थापना, भूमि समतलीकरण, पहुंच मार्ग का निर्माण तथा एलडी स्लैग पेवर ब्लॉक्स की साज-सज्जा की गई है।

# सावन के महीने में भागवत व राम कथा का श्रवण करना सबसे ज्यादा लाभकारी

**भिलाई।** बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट नेहरू नगर द्वारा संचालित राधाकृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत हरिहर मिलन कथा के पहले दिन संत चैतन्य मीरा ने कहा कि सावन महीने में श्रीमद् भागवत कथा या राम कथा का श्रवण करने से अत्यधिक लाभ होता है। क्योंकि भवावान शिव के प्रिय विष्णु हैं।

विष्णु के प्रिय राम। इसलिए इस कथा का नाम भी हरिहर भागवत कथा रखा गया है। कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि कई संत ऐसे हैं, जो सिर्फ श्रीमद भागवत को ही अपना आराध्य मानते हैं। क्योंकि श्रीमद भागवत ही हमें कृष्ण से मिलाती है। कृष्ण राधा के बिना अधूरे हैं। कथा श्रवण करने के भी कुछ नियम हैं। उनका पालन कर हरि को पाया जा सकता है। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर उन्होंने प्रणाम करते हुए बताया कि गोस्वामी की ही कृपा है कि आज जन-जन तक राम सभी के हृदय में निवास कर रहे हैं।

कथा के अंत में चैतन्य मीरा ने बताया कि सभी को अपनी सम्पूर्ण आस्था के साथ प्रभु का सुमिरन करना चाहिए। 6 अगस्त तक चलने वाली कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। 6 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कथा का विशेष सत्र होगा। इस अवसर पर भंडारा होगा। ट्रस्ट के संरक्षक विजय गुप्ता, नेतराम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अध्यक्ष संजय रूंगटा, मनीत जैन, अनिल अग्रवाल, बंशी अग्रवाल, विकास सिंघल, मनोज देवरलिया सहित अन्य मौजूद

# निवेश का रोडमैप कर रहे तैयारः सेल निदेशक डॉ. पंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड ने भिलाई इस्पात संयंत्र सहित अपने विभिन्न एकीकृत इस्पात संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए निवेश योजनाओं को तेज गति देना शुरु कर दिया है। सेल) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7,500 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

- सेल ने संयंत्र क्षमताओं के विस्तार पर किया फोकस
- 7,500 रुपए कैपेक्स का लक्ष्य

निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा ने बताया कि कंपनी अपनी उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि के लिए निवेश रोडमैप पर सक्रियता से काम कर रही है। पिछले वर्ष कैपेक्स लगभग 6 हजार करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष हमने पूरे वर्ष के लिए 7,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है, जो कि अधिक है। महानवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का यह उपक्रम देश के सार्वजनिक क्षेत्र में सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक है और वर्तमान में विस्तार चरण में है। सेल ने वर्ष 2030 तक अपनी कुल इस्पात उत्पादन क्षमता को 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 35 मिलियन टन तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह क्षमता वृद्धि कंपनी के ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल स्थित पांच एकीकृत इस्पात संयंत्रों में की जाएगी। कंपनी की दीर्घकालिक विस्तार रणनीति के तहत 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। यह आगामी वर्षों में उत्पादन क्षमता और बाजार प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेगा।

### भिलाई निगम से आठ सेवानिवृत्तों को दी विदाई

**भिलाई।** भिलाई निगम ने आठ कर्मचारियों को सम्मान बिदाई दी गई।आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सहायक राजस्व निरीक्षक हृदय राम कौशिक, मजदूर द्रौपती बाई नेताम, रूखमणी बाई, हेल्पर/क्लीनर प्रमोद शर्मा, चौकीदार राम बगस, सफाई कामगार नागेश, गीता बाई, अप्पाराव को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । निगम आयुक्त ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। साथ ही निगम हित में किए गए उनके सराहनीय कार्यों को याद किया। निगम के यूनियन पदाधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मचारियों के प्रति उदगार व्यक्त किए। कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल अवधि को सबके समक्ष साझा करते हुए शासन एवं निगम प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एसएमएस-2 कर्मियों को मिला शिरोमणि सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । सीजीएम एस के घोषाल थे। कार्यक्रम में एसएमएस-2 के श्रमवीरों अरुण कुमार भोई, इंजीनियरिंग एसोसिएट दशरथ लाल पटेल, इंजीनियरिंग एसोसिएट चेतन लाल राणा, जूनियर इंजीनियर, लावरेन्स कुमार मधुकर, इंजीनियरिंग एसोसिएट, सुनील इंगले, इंजीनियरिंग एसोसिएट योगेन्द्र कुमार, जूनियर इंजीनियर को माह अप्रैल से मई के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के हमारे कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली पर ध्यान देते हुए ही उत्पादन को जारी रखना है।

**समक्ष- न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बालोद जिला बालोद छ.ग.**
**सिविल मृत्यु की घोषणा के लिए की गयी दरखास्त का समंस**

व्यवहार वाद क्र.- 30 अ/2025, नियत पेशी दिनांक 11.09.2025, प्रो.क्र.-376/25
न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बालोद जिला बालोद छ.ग.

उग्रसेन व अन्य 01 ....... वादीगण
"विरुद्ध"
आम जनता व अन्य 01 ......... प्रतिवादीगण

**बनाम-** आम जनता, जिनका संबंध इस प्रकरण से हो।
**लापता/ गुम व्यक्ति का निवास स्थान :-** ग्राम अर्जुनी, तहसील गुरूर, जिला बालोद छ.ग.

उक्त आवेदकगण 01. उग्रसेन पिता कृपाराम भुआर्य उम्र 40 वर्ष, 02. परसादी पिता गंभीर उम्र 60 वर्ष, दोनों निवासी अर्जुनी तह. गुरूर जिला बालोद छ.ग. ने आपके खिलाफ या जिससे संबंधित हो, लापता कृपाराम पिता गंभीर निवासी ग्राम अर्जुनी, तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. की सिविल मृत्यु की घोषणा करने बाबत इस न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया है। आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि यदि आपको लापता व्यक्ति के संबंध में कोई आपत्ति या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो स्वयं तथा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 11.09.2025 को दिन 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित न्यायालय में प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा में स्वयं अवकाश पर रहूं तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

अतः आज दिनांक 30.07.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(संजय कुमार सोनी)
(मुहर) व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

# भिलाई की टीम ने जीते 8 गोल्ड, 5 सिल्वर और 16 ब्रांज मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप इंडियन चैलेंजर्स कप का आयोजन नेताजी इंडोर स्टेडियम हावड़ा कोलकाता में किया गया। ओम उपाध्याय का प्रदर्शन बेहतर रहा, उन्हें ब्रांज मेडल मिला।

एलीट कराटे एकेडमी, कोहका से 24 खिलाड़ियों ने इसमे भाग लिया। भारत सहित 8 देशों की भागीदारी रही। जहां भिलाई कोहका के एलीट कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने जौहर दिखाए। एलीट कराटे एकेडमी के प्रेसिडेंट और कोच एनके कुशवाहा के मार्गदर्शन में जहां 24 खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 गोल्ड, 5 सिल्वर और 16 ब्रांज मैडल हासिल किए। पदक प्राप्त खिलाड़ियों में विशाल कुशवाहा 1 गोल्ड 1 ब्रांज, अनुश्का दुबे 1 गोल्ड 1 ब्रांज, अविशी भट्ट 2 गोल्ड, निधी साहू 1 गोल्ड, मानवी साहू 2 ब्रांज, आद्या मिश्रा 1 सिल्वर, जय कुमार विश्वकर्मा 1 ब्रांज, आयुषी अर्करे 1 ब्रांज, मैथिली साहू 1 ब्रांज, पूर्वी देवांगन 1 ब्रांज, चेतना साहू 1 सिल्वर 1 ब्रांज, स्वरा गुप्ता 1 गोल्ड 1 सिल्वर, वेद केशरी 1 ब्रांज, ओम उपाध्याय 1 ब्रांज, आरव प्रसाद 1 ब्रांज, सोमनाथ तिवारी 1 सिल्वर, आशीष शुक्ला 1 ब्रांज, सिद्धांत चौधरी 1 ब्रांज, वंश थोर, मेधांश साहू 1 गोल्ड, लियांशु लौत्रे 1 ब्रांज, तक्ष कुमार सिंह 1 सिल्वर, अंश शुक्ला 1 ब्रांज मेडल शामिल है।

**ओम उपाध्याय ने फिर जीता मेडलः** बता दें कि कोलकाता में नाइंथ इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का वीर बालक, दिव्यांग ओम उपाध्याय ने फिर अपने खेल जौहर से मैडल हासिल किया है। उन्होंने ब्रांज मेडल हासिल किया है। इससे पहले मई में झारखंड के झांसी में नेशनल कराटे स्पर्धा में ओम ने गोल्ड और ब्रांज मेडल जीता था।





# शिक्षक एसोसिएशन ने लंबित मांगों को पूरा करने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बालोद डीपी कोसरे से मुलाकात कर जिले में कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग के स्थानीय समस्याओं पर पूर्व में 23 मई को सौंपे गए ज्ञापन पर कार्रवाई के लंबित विषयों पर चर्चा की व ज्ञापन सौंप शीघ्र निराकरण की मांग की। 23 मई को डीईओ से मुलाकात व चर्चा में कार्रवाई करने के आश्वासन पर भी लंबित सभी समस्याओं का ज्ञापन पुनः सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में सहायक शिक्षक एलबी से ई व टी संवर्ग के प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के रिक्त पदों पर प्रक्रियाधीन पदोन्नति शीघ्र करने, लोकसभा निर्वाचन–2024 के कारण मुख्यालय नहीं छोड़ने के बदले जिले के सभी शिक्षकों को अन्य जिले की भांति नियमानुसार अर्जित अवकाश स्वीकृत करने, ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य के लिए प्राचार्यों को अर्जित अवकाश, मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के अनुसार जिले के अनुसूचित क्षेत्र डौंडी विकास खंड के कर्मचारियों के लिए अन्य जिले की भांति 10 दिन का अतिरिक्त अर्जित अवकाश व 7 दिन का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने आदेश जारी करने, जिले के सभी विकास खंड में सीजीपीएफ पासबुक संधारण व सेवा पुस्तिका संधारण के लिए संगठन द्वारा पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन पर अपेक्षित प्रक्रिया न होने से शिविर के माध्यम से संधारण करने, उच्च परीक्षा अनुमति के लिए पिछले एक दो वर्षों के लंबित अनुमति आदेश के लिए स्थिति स्पष्ट करने, सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत कार्य कर चुके शिक्षकों के संविलियन के पूर्व के माह जुलाई 2016 से मार्च 2017 तक के 7 प्रतिशत लंबित डीए एरियर्स का शीघ्र भुगतान करने जैसे विशयों पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया।



### ये रहे मौजूद

टीचर्स एसोसिएशन बालोद की ओर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष दिलीप साहू, प्रांतीय संगठन सचिव बीरबल देशमुख, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र देवांगन, पवन जोशी, जिला सचिव नरेंद्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर सूरजगोपाल गंगबेर, ब्लॉक अध्यक्ष गुंडरदेही राजेंद्र देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष डौंडी लोहारा अविनाश साहू, जिला संगठन मंत्री लेखराम साहू, भूपेंद्र पांडे, जिला आईटी सेल प्रभारी शिवेंद्र बहादुर साहू, महेंद्र चौधरी, हरीश कुमार साहू, खेमन साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मोहलाई में चातुर्मास महोत्सव 3 अगस्त और 1 सितंबर को

**बालोद।** सद्गुरू श्री कबीरघाट धर्मानुरागी समिति एवं ग्रामवासी मोहलाई द्वारा चातुर्मास महोत्सव का आयोजन 3 अगस्त व 1 सितंबर को दोपहर 11.30 बजे से किया गया है। इसमें महात्मा लेखचंद साहेब अपनी संत मंडली के साथ उपस्थित रहेंगे। वहीं चातुर्मास का समापन 7 अक्टूबर को किया जाएगा। इसमें संरक्षक प्रकाश देवांगन, सुरेश साहू, हीराराम साहू, टोमन लाल साहू, अध्यक्ष युवराम साहू, उपाध्यक्ष धरमदास साहू, सचिव पवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष लोकशरण साहू, सह सचिव निरंजन साहू, तुकेश्वर साहू, उद्घोशक केशुराम साहू, सलाहकार वीपी वर्मा, भजन लाल साहू, सदस्य लल्लू राम साहू, यशवंत साहू, रिखी राम साहू, नारायण साहू, ईश्वरलाल साहू, शिशुपाल साहू, मकसूदन साहू, दानेश्वर साहू, डिकेश्वर साहू, विश्राम साहू, कमलदास साहू, संतोश साहू, नीलकंठ साहू, गिरधर साहू, वामन साहू, केवल साहू, चन्द्रेश साहू, मनोहर साहू, कृतदास साहू, ताम्रध्वज साहू, डॉ कुले"वर साहू, मनबोध साहू, नुवाराम साहू, रवि साहू, फकीरा साहू, गुलाब वर्मा, नरबद वर्मा, सोमन निशाद, चम्पा लाल, निर्णय दास व महिला सदस्य लुमन साहू, कलिन साहू, पोमिन साहू, फगनी साहू, पद्मनी देवांगन, योगिता साहू, लीला साहू, बिसाहिन साहू उपस्थित रहेंगे।



### पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त आज होगी जारी

**बालोद।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 20वीं किश्त की राशि जारी 2 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके अंतर्गत जिले के जिले के 1 लाख 21 हजार 723 किसान लाभान्वित होंगे। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 02 अगस्त को सुबह 11 बजे उत्तर प्रदेश राज्य के वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त की राशि जारी करेंगे। इसमें बालोद जिले के 01 लाख 21 हजार 723 किसानों को 25.28 करोड़ रुपये का भुगतान आधार बेस्ड प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत केवल कृषि कार्य पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहने वाले देश के लघु, सीमांत तथा दीर्घ कृषकों को हर तीन माह में 2000 रुपए के साथ सालाना 6000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके साथ ही 2 अगस्त को किसान दिवस के रुप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद में आयोजित की गई है। कार्यक्रम में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि उपज मंडी के समन्वय से जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जाएगा।

### महिला समूह से धोखाधड़ी आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने महिला समूह के नाम पर लोन लेने और फिर उसे ना पटाकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी महिला पुरुष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में पहले ही दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्णिमा चौहान नाम की महिला ने 25 जुलाई को थाने में धोखाधड़ी की शिकायत की है।

## कार्यक्रम

# संस्कृत ईश्वरीय भाषा के साथ सभी भाषाओं की है जननी

### शहीद डोमेश्वर साहू कॉलेज में संस्कृत भाषा के महत्व को पुनर्जीवित करने हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में भारतीय ज्ञान परंपरा पर संस्कृत भाषा के महत्व को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से व्याख्यान हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने व्याख्यान के साथ ही व्यास पूजा का महत्व जाना।

शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में अगस्त माह के पहले दिन नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल के मार्गदर्शन और अध्यक्षता में नवीन शिक्षा नीति के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा पर संस्कृत भाषा के अध्ययन महत्व को प्रकाश डालने संस्कृत भारती प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू और प्रांत शिक्षण प्रमुख नरेंद्र साहू शासकीय कालेज जामगांव आर पहुंचे। संस्कृत विद्वानों का आतिथ्य सत्कार करते हुए प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने संस्कृत भाषा को ईश्वरीय भाषा के साथ सभी भाषाओं की जननी बताया। उन्होंने कहा की हम दैनिक जीवन में संस्कृत भाषा के छोटे शब्दों का प्रयोग कर के भी इस भाषा को लुप्त होने से बचा सकते हैं। यह चिंतन का विषय है कि भारतीय इस भाषा से दूर हो रहे हैं और पाश्चात्य संस्कृति अपना रहे हैं। श्लोक आदि के माध्यम से इसके प्रयोग को आने वाली पीढ़ी के लिए जीवित रखने का आग्रह भी किया गया। संस्कृत भारती शिक्षण प्रमुख नरेंद्र साहू ने 20 घंटे में धाराप्रवाह संस्कृत बोलना सिखाने हेतु अपना प्रस्ताव रखा, जिसे महाविद्यालय में ही विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क रखा जाएगा। उन्होंने समझाया कि संस्कृत भाषा बोलने से ही विभिन्न व्याधियों से छुटकारा पाया जा सकता है। प्रांत प्रमुख हेमंत साहू ने कहा कि संस्कृत में मातृ देवों, पितृ देवों की परंपरा को जीवित रख के भारतीय संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कृत जीवन में अमृत पान कराती है। धन्यवाद ज्ञापन नीता कुम्हारे ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा बोलना सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. अरुणेंद्र तिवारी, डॉ. संतोष पाण्डे, मनीष साहू, मनोज यादव, मुकेश कठोतिया, जोशी सहित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और रासेयो विद्यार्थियों ने अपना सहयोग दिया।





# हायर सेकंडरी द्वितीय अवसर परीक्षा का मूल्यांकन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- 3 अगस्त तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण किए जाने की समय–सीमा निर्धारित

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल हायर सेकंडरी द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा वर्ष 2025 के द्वितीय चरण का मूल्यांकन कार्य 28 जुलाई से प्रारंभ हो गया। मूल्यांकन केंद्र अध्यक्ष अरुण कुमार साहू ने बताया कि इस मूल्यांकन कार्य हेतु हाई स्कूल से 6752 उत्तर पुस्तिकाएं तथा हायर सेकंडरी से 5610 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जाना है। जिसमें हाई स्कूल परीक्षा हेतु 41 तथा हायर सेकंडरी परीक्षा हेतु 36 मूल्यांकनकर्ता संलग्न है। जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संचालित मूल्यांकन कार्य हेतु प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के मूल्यांकनकर्ताओं को तत्काल कार्य मुक्त करें, ताकि मंडल द्वारा निर्धारित समय सीमा 3 अगस्त तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा सके। संबंधित विषय शिक्षकों की उपलब्धता न होने पर संलग्न कार्य की जानकारी एवं कार्य मुक्त न करने की स्थिति में कारण स्पष्ट करते हुए कार्यालय को प्रेषित करें।

मूल्यांकन केंद्र अध्यक्ष अरुण कुमार साहू ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसमें मूल्यांकन कर्ताओं द्वारा होने वाली त्रुटियों से अवगत कराया गया। मूल्यांकनकर्ता की कमी को दूर करने हेतु तत्काल कार्यवाई करने को कहा गया। मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने के पूर्व सभी उपस्थित मूल्यांकनकर्ता एवं उपमुख्य परीक्षक को ब्रीफिंग सेशन में मूल्यांकन संबंधी निर्देश की जानकारी दी गई।

# मनरेगा मेट संघ का स्थापना दिवस 17 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ की मासिक बैठक मां दंतेश्वरी प्रांगण में हुई। इसमें आगामी माह में ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ का 16वां स्थापना दिवस समारोह ग्राम पंचायत रीवा गहना में 17 अगस्त को मनाया जाएगा और 2 अक्टूबर गांधी जयंती समारोह ग्राम पंचायत चे.बननवागांव में होना सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया गया। इसमें उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष मान विष्णु कोठरी, उपाध्यक्ष मान कीर्तन देवांगन, लखनलाल, पुरंजन साहू, ओमकार कोंटे, लोकेश्वरी देशलहरे, तरूणा साहू, हितेश्वरी साहू, भारती साहू, अनील कुमार, नेहरू कोसमा एवं प्रीतम सिंह साहू उपस्थित थे।

### धोखाधड़ी के मामले में जुनवानी का विजय कुमार गिरफ्तार

**भिलाई।** राजनांदगांव जिले के सोमनी थाना अंतर्गत सांकरा में जमीन के सौदे में धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने जुनवानी भिलाई निवासी पी विजय कुमार को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध धारा 420 के तरह अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सांकरा बालाजी ड्रीम सिटी में प्लाट विक्रय हो रहा था, जिसकी खरीदी के लिए पी. विजय कुमार के माध्यम से बालाजी ड्रीम सिटी टेडेसरा अवासीय प्लाट ब्लाक ए- प्लाट नंबर 72 रकबा 2256.28 वर्गफिट को विक्रय करने का 15.56 लाख में सौदा कर बयाना के लिए 11.27 लाख रुपए दिए गए। कुल 13.69 लाख में सौदाकर बयाना और अन्य खर्च के लिए कुल 5.71 लाख रुपए दिए गए। आरोपी द्वारा प्रार्थीगण को उक्त प्लाट की रजिस्ट्री कराने के नाम पर छल पूर्वक विक्रय पत्र तैयार किया गया।

### डिजिटल अरेस्ट के आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से किया गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर एक बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला से पूरे 22 लाख रुपए की ठगी की। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सुभाषीनी जैम्स ने 2 जुलाई 2025 को पद्मनाभपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मोबाईल एक वाट्सअप कॉल आया था। कॉलर ने अपने आपको मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया। उसने महिला से कहा कि उसके खाते में हवाला के जरिए 6 करोड़ 80 लाख रुपये जमा हुए हैं। इसलिए उसे गिरफ्तार करना होगा।

# भरनाभाट स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक के शासकीय माध्यमिक शाला भरनाभाट के शिक्षक तीखम सिंह देवांगन अपने जन्मदिन पर सभी बच्चों को आंशिक न्योता भोज के रूप भजिया व केला खिलाया। साथ ही साथ कक्षा आठवीं उत्तीर्ण छात्र कोमल पिता कमलेश साहू निवासी डुमरघुंचा का प्रयास विद्यालय में चयन होने पर न्योता भोज में सहभागिता रही। इस अवसर पर सरपंच व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य व संस्था के माध्यमिक प्रधान पाठक आरएम सिद्धकी व शिक्षक तीखम देवांगन, जीधू देशमुख, गुरु सिम्पी प्राथमिक प्रधान पाठक अश्वनी देवांगन, युसुफ टण्डन उपस्थित रहे।

# पंचायत प्रतिनिधि जनता और शासन प्रशासन के बीच है महत्वपूर्ण कड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं अंचल के विकास में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाकुरभाट में स्थित जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में आयोजित जनपद सदस्यों के आधारभूत उन्मूखीकरण प्रशिक्षण में शामिल होकर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जनपद सदस्यों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में भी प्रकाश डाला। मिश्रा ने पंचायत प्रतिनिधियों को आम जनता तथा शासन–प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताया। कलेक्टर ने सभी निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को आम जनता के हित में निरंतर कार्य करते हुए अपने अंचल तथा जिले, राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने की अपील भी की।



उन्होंने कहा कि अपने कार्यों को कुशलतापूर्वक निर्वाह करने तथा अपने प्रतिभा एवं कौशल के उन्मूखीकरण हेतु प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण पार्ट होता है। जिससे कि अपने कार्य के संपादन के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाइयां एवं अवरोध उत्पन्न न हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से नियमों एवं कानूनों की जानकारी होने से अपने कार्यों के संपादन में दिक्कत नहीं होती। मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण के अलावा फील्ड में कार्य करने से हमारा ज्ञान एवं अनुभव और अधिक परिपक्व होने के साथ–साथ परीमार्जित होता है। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पंचायत विभाग के उप संचालक काव्या जैन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सेवाकाल में कई विभागों में निभाया दात्यिव

# वित्त नियंत्रक तिलक शोरी की सेवानिवृत्ति पर विभाग ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन विभाग इंद्रावती भवन नवा रायपुर में पदस्थ राज्य वित्त सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं वित्त नियंत्रक छत्तीसगढ़ शासन तिलक शोरी के सेवानिवृत्त पर गरिमामय समारोह में विदाई दी गई।

इस अवसर पर संचालक कोष लेखा रितेश अग्रवाल सहित अन्य सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने कहा कि शोरी के विपरित परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विभाग एवं अधिकारी–कर्मचारियों के हित में किए गए कार्य एवं योगदान महत्वपूर्ण रहा। उल्लेखनीय है कि तिलक शोरी की पहचान वित्त विभाग के साथ–साथ राज्य शासन के एक उत्कृष्ट, जानकार एवं अपने कार्य के प्रति पारंगत अधिकारी के रूप में रही है। तिलक शोरी आदिवासी बहुल अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम अरजकुंड के मूल निवासी है। उन्होंने अपनी हायर सेकण्डरी की पढ़ाई अंबागढ़ चौकी से पूरा कर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगावं से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। शोरी प्रारंभ से ही अत्यंत मेहनती एवं मेधावी विद्याथएँ रहे हैं। शासकीय सेवा में उनकी सर्वप्रथम नियुक्ति सन 1986 में उच्च वर्ग शिक्षक के रूप में ग्राम बिरेन्द्र नगर जिला कवर्धा में हुई थी। इस दौरान वे बोड़ला में भी पदस्थ रहे। इसके पश्चात वे सन 1988–89 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा के माध्यम से लेखाधिकारी के पद पर चयनित हुए थे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण होने के बाद सन 2000 में शोरी को छत्तीसगढ़ कैडर आबंटित हुआ। इस दौरान वे अलग–अलग अवधि में वित्त अधिकारी महानिदेशक कार्यालय जेल विभाग, वित्त विशेष गरीबी उन्मूलन नवा अंजोर तथा संचालनालय कोष एवं लेखा विभाग में संयुक्त संचालक, अपर संचालक जैसे विभिन्न पदों के अलावा महानदी भवन, मंत्रलय नवा रायपुर में आदिमजाति कल्याण विभाग का भी दायित्व मिला।

विदाई समारोह के अवसर पर संचालक कोष लेखा एवं पेशन विभाग रितेश अग्रवाल, उप सचिव ऋषभ परासर, वित्त नियंत्रक भागीरथ विशाल सहित अपर संचालक रूद्रप्रताप चौहान, कल्पना घोष सहित सभी अपर संचालक, संयुक्त संचालक, उप संचालक, सभी लेखाधिकारियों के अलावा संभाग एवं जिले में वित्त विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारी तथा अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411